
# बाइक सवार बदमाशों ने डीजे संचालक को सरेआम मारी गोली

## हालत गंभीर होने पर रीवा रेफर, आरोपियों की पहचान कर धरपकड़ में जुटी पुलिस







**नवभारत न्यूज**

**सतना, 4 अक्टूबर. देर रात डीजे चलाने से मना करने पर भड़के बदमाशों ने अगले दिन सरेआम डीजे संचालक को गोली मार दी. गोली लगने से घायल डीजे संचालक को उपचार के लिए मेडिकल कालेज रीवा रेफर कर दिया गया. वहीं पुलिस द्वारा सीसीटीवी फुटेज और स्थानीय लोगों से जानकारी जुटाकर आरोपियों की पहचान करते हुए उन्हें पकड़ने के प्रयास किए जा रहे हैं.**

प्राप्त जानकारी के अनुसार शहर में शुक्रवार को भी काफी लोगों द्वारा मां दुर्गा की प्रतिमाओं का विसर्जन किया जा रहा था. जिसके चलते सुबह से शुरु हुआ सिलसिला देर रात तक जारी रहा. मां दुर्गा की प्रतिमाओं के विसर्जन के लिए कई आयोजकों द्वारा गाने-बजाने के लिए डीजे भी बुक किया गया था. जिसके चलते शहर के कई डीजे संचालक अपना-अपना डीजे लेकर दुर्गा प्रतिमाओं के साथ चल रहे थे. बताया गया कि मां दुर्गा प्रतिमा का विसर्जन होने के बाद रात के लगभग 1 बजे कुछ युवकों ने डीजे संचालक अंकुर गुप्ता उम्र 24 वर्ष निवासी टिकुरिया टोला से डीजे बजाने के लिए कहा. जिस पर डीजे संचालक अंकुर ने प्रशासनिक पाबंदी का हवाला देते हुए कहा कि देर रात डीजे बजाने पर पुलिस द्वारा जब्त करने की कार्रवाई की जाएगी. लेकिन यह सुनकर युवक भड़क गए और अंकुर के साथ गाली-गलौच करने लगे. इसके बावजूद भी जब अंकुर डीजे बजाने को राजी नहीं हुआ तो युवक उसे धमकाते हुए वहां से चले गए. अंकुर को इस बात का जरा भी अंदाजा नहीं था कि उसके ऊपर खतरा मंडरा रहा है. इसी कड़ी में शनिवार की दोपहर 2 बाइक पर सवार होकर तीन युवक अंकुर की दुकान पर डीजे बुक कराने के बहाने पहुंच गए. बातचीत करने के दौरान जैसे ही अंकुर उनकी ओर बढ़ा वैसे ही एक युवक ने कट्टा निकाला काफी नजदीक से अंकुर के सीने को निशाना बनाते हुए फायर कर दिया.

गोली मारने के फौरन बाद ही तीनों युवक वहां से भाग निकले. जब तब आस पास मौजूद लोग कुछ समझ पाते तब तक गोली लगने से घायल अंकुर जमीन पर गिर चुका था. जिसे देखते हुए आनन-फानन में अंकुर को स्कूटी पर लादकर उपचार के लिए जिला चिकित्सालय ले जाया गया.

### कंधे पर लगी गोली

जिला चिकित्सालय में ड्यूटी पर मौजूद सर्जरी विशेषज्ञ डॉ. आलोक खन्ना ने अंकुर का उपचार शुरु किया. गोली अंकुर के कंधे में लगी थी, जिसके कारण उसे स्वास्थ्य संबंधी कुछ समस्याएं सामने आ रही थीं. अंकुर की हालत को देखते हुए प्रारंभिक उपचार के बाद उसे आगे के इलाज के लिए मेडिकल कॉलेज रीवा रेफर कर दिया गया. जहां पर उसका उपचार जारी है. वहीं घटना की जानकारी मिलने पर सिटी कोतवाली थाना प्रभारी रावेंद्र द्विवेदी और कोलगवां थाना प्रभारी सुदीप सोनी पुलिस बल के साथ अस्पताल पहुंच गए और घायल से आवश्यक जानकारी जुटाई.

### एक आरोपी की हुई पहचान

घट नरा की गंभीरता को देखते हुए सिटी कोतवाली, कोलगवां थाना प्रभारी, सीएसपी देवेंद्र प्रताप सिंह, और प्रशिक्षु डीएसपी आशुतोष त्यागी पुलिस बल के साथ मौके पर पहुंच गए. पुलिस द्वारा सीसीटीवी फुटेज और स्थानीय लोगों से पूछताछ करने के बाद घटना में शामिल एक आरोपी की पहचान बजरहा टोला निवासी जितेंद्र बसोर के तौर पर कर ली. सीएसपी के अनुसार आरोपियों को पकड़ने के लिए पुलिस की 3 टीमें गठित कर दी गई हैं. सभी संभावित स्थानों पर नाकाबंदी और छापेमारी करते हुए धरपकड़ के प्रयास किए जा रहे हैं.

# मेहर बाबा दरबार का आज होगा लोकार्पण

## बीटीआई ग्राउंड पर सांसद ने लिया तैयारियों का जायजा

**नवभारत न्यूज**

**सतना, 4 अक्टूबर. सतना में दो दिवसीय प्रवास पर आए संघ प्रमुख डॉ. मोहन भागवत रविवार को मेहर बाबा दरबार का लोकार्पण करेंगे। इसके बाद बीटीआई मैदान में एक जनसभा को संबोधित करेंगे, जिसमें स्थानीय लोग और स्वयंसेवक शामिल होंगे।**

इससे एक दिन पहले सांसद गणेश सिंह बीटीआई ग्राउंड का जायजा लिया। सांसद ने कार्यक्रम स्थल पर सुनियोजित व्यवस्था को देखने के साथ-साथ मौके पर मौजूद अधिकारियों को निर्देशित किया कि व्यवस्था में कोई कोताही न हीं होनी चाहिए।

### संत समाज बनेगा साक्षी

सिंधी कॉलोनी स्थित बाबा मेहरशाह दरबार साहिब जी के नव निर्मित दरबार साहिब जी का प्रात: 10.30 बजे राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ प्रमुख डाक्टर मोहन भागवत, महामंडलेश्वर हंसराज, बाबा खिम्यादास सहित संत समाज की विशेष उपस्थिति एवं बाबा पुरषोत्तम दास के मार्गदर्शन में होगा दरबार के प्रमुख प्रवक्ता राजकुमार बजाज ने बताया कि दरबार साहिब के लोकार्पण, तत्पश्चात बीटीआई ग्राउंड में 11 बजे राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ प्रमुख डाक्टर मोहन भागवत सहित सभी संत समाज एवं ब्राह्मण समाज के सानिध्य में कार्यक्रम आयोजित किया गया है। जिसमें सर्वसमाज की उपस्थिति में कार्यक्रम का आयोजन होगा।

# मैहर के कचहरी परिसर से बीती रात 2 लैपटॉप चोरी

## सेवा प्रदाता ने पुलिस से की फरियाद

**नवभारत न्यूज**

**सतना 4 अक्टूबर. कचहरी परिसर मैहर में अज्ञात चोर ने वहां पर रखे बैग सहित दो लैपटॉप पार कर दिए. पीड़ित सेवा प्रदाता द्वारा घटना की शिकायत से करते हुए वापस दिलाए जाने की मांग की गई है.**




हरनामपुर वार्ड क्र. 24 मैहर के निवासी सुरेश कुमार मिश्रा कचहरी परिसर मैहर में सेवा प्रदाता का कार्य करते हैं. जिसके लिए उन्होंने दो लैपटॉप सहित कुछ अन्य उपकरण रखे हुए हैं. वे हर रोज की तरह अपने स्थान पर बैठकर कार्य कर रहे थे. शाम के लगभग 5 बजे अचानक किसी काम के चलते वे अपने स्थान से उठकर कार्यालय के अंदर चले गए. कुछ देर बाद ही जब वे वापस लौटकर आए तो उन्हें अपने दोनों लैपटॉप और बैग नदारद मिले. इस संबंध में उन्होंने आस पास मौजूद लोगों से पूछा. लेकिन कोई भी लैपटॉप ले जाए जाने के बारे में बता नहीं पाया. काफी खोजबीन करने के बाद भी जब कोई जानकारी नहीं मिली तो उन्होंने कोतवाली थाना मैहर पहुंचकर घटना की शिकायत की. सुरेश के अनुसार कचहरी परिसर के गेट के सामने सीसीटीवी कैमरा लगा हुआ है. जिसकी जांच किए जाने पर कुछ जानकारी सामने आ सकती है.

# समाज सेवा का अनूठा कार्य करते हैं पालन : योगेश

▸ मानस मंडली का हुआ सम्मान



**नवभारत न्यूज**

**सतना, 4 अक्टूबर. नगर पालिक निगम के स्पीकर राजेश चतुर्वेदी पालन सदैव समाज सेवा का अनूठा कार्य करते रहते हैं उसी कड़ी में आज समाज सेवा का महत्वपूर्ण कार्य पार्थिव शरीर को सुरक्षित रखने की व्यवस्था है.**

शव डी फ्रीजर जो आज जरूरत मंद लोगों को वार्ड न 32 से उपलब्ध कराया जाएगा जो पूर्णत: नि: शुल्क ये उद्गार महापौर योगेश ताम्रकार में आयोजित सामाजिक समरसता कार्यक्रम के दौरान कहा आगे उन्होंने कहा कि शव फ्रीजर को आज क्षेत्र की जनता को समर्पित किया जा रहा है जो प्रशंसनीय है इसी क्रम में विगत पांच दशक पूर्व से लगातार शनिवासरी गायक मानस मंडली का भी महापौर योगेश ताम्रकार व नगर निगम स्पीकर राजेश चतुर्वेदी ने पुष्पहार व अंगवस्त्र से स्वागत सम्मान किया साथ ही प्रत्येक शनिवार को चल अनवरत भंडारे में भी श्री ताम्रकार शामिल हुए कार्यक्रम का संचालन सूर्य प्रकाश सिंह ने किया जबकि आभार प्रदर्शन राजेश चतुर्वेदी पालन ने किया।

### वार्ड -32 में उपलब्ध है मोक्ष डी फ्रीजर

हाल ही में नब्बे वर्ष के बुजुर्गो की सेवा में स्वयं के मद से मासिक निर्धारित राशि देने के सिलसिले बाद शनिवार को एक और संवेदनात्मक सेवा का स्वरुप नगर निगम स्पीकर राजेश चतुर्वेदी पालन ने आम आवाम के दुख दर्द के समय पड़ने वाली जरूरत में जनता को मोक्ष डी फ्रीजर सेवार्थ नि: शुल्क समर्पित किया है साथ ही नगर निगम स्पीकर राजेश चतुर्वेदी पालन ने कहा कि सम्पूर्ण नगर हमारा परिवार है अपने घर परिवार की सेवा करना जहां हमारा परम धर्म है वहीं दायित्व भी जीवन में पद प्रतिष्ठा आते जाते रहते किंतु सेवा भाव स्थाई है जो हमारे लिए सर्वोपरि है सेवा के लिए यह एक छोटा-सा प्रयास है।

# मैहर के गौरव दिवस पर होंगे विविध कार्यक्रम

**नवभारत न्यूज**

**मैहर 4 अक्टूबर. मैहर जिले के गठन की दूसरी वर्ष गांठ पर 5 अक्टूबर को जिले का गौरव दिवस मनाया जायेगा। कलेक्टर रानी बाटड के निर्देशन में मैहर जिले की तीनों तहसीलों में विभिन्न विभागों और सहयोगी संस्थाओं द्वारा गौरव दिवस के तहत 5 अक्टूबर को विविध गतिविधियां आयोजित की जायेगी।**

कार्ययोजना के निर्धारित कार्यक्रमानुसार 5 अक्टूबर को प्रात: 6 बजे से मां शारदा चूनर यात्रा निकाली जायेगी। देवी पार्किंग स्थल से लगभग 6 किमी की लम्बी चूनर यात्रा में महिला वर्ग लाल साडी और पुरूष वर्ग पीला कुर्ता और सफेद पजामा की वेशभूषा में शामिल होंगे। इस अवसर पर विद्यालयों के 1 लाख 11 हजार 111 बच्चों द्वारा संकलित एक कटोरी दाल एवं चावल से गौरव दिवस के उपलक्ष्य में अन्नकूट के माध्यम से खिचडी प्रसाद का वितरण होगा। संगीत महाविद्यालय द्वारा नृत्य नाटिका, सुदीप गुप्ता एवं साथी कोलकाता द्वारा डाल्स थियेटर की विशेष प्रस्तुति एवं देशी पारंपरिक व्यंजन की प्रदर्शनी भी आयोजित की जायेगी। कलेक्टर रानी बाटड ने विभिन्न विभागों के अधिकारियों एवं कर्मचारियों को मैहर जिले के गौरव दिवस के कार्यक्रमों में अनिवार्य रूप से सहभागिता करने के निर्देश दिये हैं।

### रस्साकशी प्रतियोगिता का आयोजन पोड़ी में

मैहर जिले के गौरव दिवस पर रस्साकशी प्रतियोगिता का आयोजन 5 अक्टूबर को सायं 4 बजे से मत्स्य बीज प्रक्षेत्र पोडी मैहर में किया जायेगा। इस प्रतियोगिता में विभिन्न टीमों जैसे पुलिस और प्रशासन, पत्रकार, जनप्रतिनिधि, डॉक्टर्स, वकील, जनपद और नगर पालिका, व्यापारी वर्ग, सामाजिक संस्थायें और एनजीओ, शिक्षा विभाग की टीमें तथा अन्य प्रतिनिधि संस्थायें इस प्रतियोगिता में सहभागिता करेंगे।

# पन्नीलाल चौक में हुआ भावनाओं से भरा भरत मिलाप

▸ श्री बिहारी रामलीला समाज की अनुपम प्रस्तुति

**नवभारत न्यूज**

**सतना, 4 अक्टूबर. 129वें श्री बिहारी रामलीला समाज द्वारा पन्नीलाल चौक व्यापारी संघ में भरत मिलाप का हृदयस्पर्शी मंचन हुआ। भरत और श्रीराम के इस मिलन दृश्य सेने सभी के हृदयों को भक्ति और प्रेम से भर दिया।**

मंचन के दौरान भरत का चरित्र निभाने वाले कलाकार ने प्रभु श्रीराम की 14 वर्षों बाद वापसी का इंतज़ार करते-करते भावविह्वल होकर उनके चरणों को पकड़ लिया और अश्रुधारा बहने लगी। जैसे ही भरत प्रभु श्रीराम से गले मिले, पूरा वातावरण भावनाओं से सराबोर हो गया। भरत का श्रीराम के प्रति अटूट प्रेम और त्याग देखकर दर्शकों की आँखें नम हो गईं। भरत मिलाप का यह अलौकिक




दृश्य देखकर हजारों की संख्या में मौजूद श्रद्धालु दर्शक भाव-विभोर हो उठे। जय श्रीराम के गगनभेदी उद्घोष, शंखनाद और ढोल-नगाड़ों की ध्वनि से पूरा मैदान गुंजायमान हो गया। चारों ओर भक्ति, उत्साह और भावनाओं का अद्भुत संगम दिखाई दिया। दर्शकों ने इस अद्भुत मंचन पर तालियों और जयघोष के साथ अपनी भावनाएँ प्रकट कीं। श्री बिहारी रामलीला समाज की इस प्रस्तुति ने रामायण के आदर्श भाईचारे, प्रेम और त्याग की अमर गाथा को सजीव कर दिया। इस दौरान प्रमुख रूप से उपस्थित रहे — महंत बृजेन्द्र कुमार दुबे, सह महंत शैलेन्द्र कुमार दुबे, समन्वयक हरि प्रकाश गोस्वामी, श्री बिहारी रामलीला समाज के अध्यक्ष रविशंकर गौरी, महामंत्री राजेश चतुर्वेदी, पालन व्यास, अरुण परोहा, सहित बड़ी संख्या में सदस्य उपस्थित रहे।



# एकेएस ने एआईयू राष्ट्रीय कबड्डी प्रतियोगिता में किया शानदार प्रदर्शन

**नवभारत न्यूज**

**सतना, 4 अक्टूबर. ए.के.एस. विश्वविद्यालय, सतना की कबड्डी टीम ने भारतीय विश्वविद्यालय संघ (एसोसिएशन ऑफ इंडियन यूनिवर्सिटीज - ,ढ्ढ) द्वारा आयोजित राष्ट्रीय कबड्डी प्रतियोगिता 2025-26 में शानदार प्रदर्शन करते हुए विश्वविद्यालय का नाम रोशन किया। यह प्रतियोगिता 1 अक्टूबर से 5 अक्टूबर 2025 तक मेडिकैप्स विश्वविद्यालय, इंदौर में आयोजित की गई।**

टीम ने कोच श्री सुनील पांडे (क्रीड़ा अधिकारी) और प्रबंधक डॉ. वीरेन्द्र कुमार पांडे (उप डीन, छात्र कल्याण) के कुशल मार्गदर्शन में छापे (रेड), चकमा (डोज), पकड़ (कैच) और रोके जाने (टैकल) जैसी कबड्डी की प्रमुख तकनीकों में उत्कृष्ट खेल भावना का प्रदर्शन किया। टीम कप्तान अनुज हरिजन के नेतृत्व में और मार्गदर्शक श्री अनुराग पांडे के दिशानिर्देशन में खिलाड़ियों ने शानदार रक्षण रणनीति और चतुर छापेमारी का प्रदर्शन करते हुए इस वर्ष 4 अक्टूबर 2025 को पूर्व-चतुर्थांश (प्री-क्वार्टर फाइनल) तक पहुँचने में सफलता प्राप्त की।

टीम के प्रमुख खिलाड़ी, जैसे कि छापामार (रेडर), रक्षक (डिफेंडर) और सर्वांगीण खिलाड़ी (ऑलराउंडर) ने समूह चरण में मजबूत रक्षा विन्यास और सकारात्मक छापेमारी शैली अपनाकर विरोधी दलों पर दबाव बनाया, जिससे टीम को चयन मुकाबलों में बढ़त मिली।

# अरुण भारतीय की माता जी का निधन

**सतना, 4 अक्टूबर.** अरुण भारतीय की माता श्रीमती स्वदेश कान्ता शर्मा का शनिवार प्रात: 6.30 बजे गौलोक गमन हो गया है।



उनका अंतिम यात्रा कल सुबह 08.00 बजे निवास स्थान पुष्पांजलि कालोनी पाईनियर हास्पिटल, मुक्तियार गंज के पास से नारायण तालाब मुक्ति धाम के लिए प्रस्थान करेगी। जहां विधि विधान से अंतिम संस्कार होगा।

# हेमू कालानी की प्रतिमा स्थापित करने सौंपा स्मरण पत्र

**नवभारत न्यूज**

**सतना, 4 अक्टूबर. राष्ट्रीय समाजसेवी संस्था भारतीय सिन्धू सभा द्वारा 23 मार्च 2025 को अमर शहीद हेमू कालाणी जन्मोत्सव के अवसर पर म,प्र, सिन्धी साहित्य अकादमी के तत्वाधान में आयोजित कवि सम्मेलन के अवसर महापौर योगेश ताम्रकार ने हेमू कालाणी पार्क परिसर में 30 फीट ऊंची अमर शहीद हेमू कालाणी की प्रतिमा स्थापित करवाने की घोषणा की थी।**



संस्था के महामंत्री विनोद गेलानी ने बताया कि प्रतिमा स्थापित करने के लिए 3 अक्टूबर को संस्थाध्यक्ष अशोक चांदवानी संजय वाधवानी दिलीप सोनी मनीष सदानी रंजीत सेनानी ने महापौर जी एवं आयुक्त महोदय जी को एक बार पुन: स्मरण पत्र सौंप कर अति शीघ्र प्रतिमा स्थापित करने का अनुरोध किया गया। महापौर जी ने अति शीघ्र प्रतिमा स्थापित करवाने का आश्वासन देते हुए कहा अमर शहीद हेमू कालाणी की शहीदी दिवस पर के पूर्व स्थापित करवाने का प्रयास करूंगा। स्मरण पत्र की एक प्रति वार्ड पार्षद एवं लोक निर्माण अध्यक्ष गोपी गेलानी को भी प्रेषित की गई।

# प्रिज्म कॉलोनी में विधायक विक्रम सिंह ने की मां दुर्गा की पूजा एवं आरती

**नवभारत न्यूज**

**सतना, 4 अक्टूबर. प्रिज्म सीमेंट कॉलोनी में शारदीय नवरात्रि महोत्सव के पावन अवसर पर माँ दुर्गा की भव्य आरती का आयोजन श्रद्धा और उत्साह के साथ संपन्न हुआ।**

इस अवसर पर मुख्य अतिथि के रूप में रामपुर बाघेलान के विधायक श्री विक्रम सिंह उपस्थित हुए और आरती में सम्मिलित होकर कार्यक्रम की गरिमा ब?ाई। अतिथियों का स्वागत डॉ. मनीष



कुमार सिन्हा, सीनियर वाइस प्रेसीडेंट (एचआरएम एंड कॉर्पोरेट अफेयर्स), प्रिज्म जॉनसन लिमिटेड द्वारा पुष्पगुच्छ एवं साल व श्रीफल से किया गया।

कार्यक्रम की शुरुआत वैदिक मंत्रोच्चारण और देवी स्तुति के साथ हुई। कंपनी के डीजीएम-सी0 एस0 आर0 एंड पब्लिक रिलेशन देवेन्द्र मिश्रा ने जानकारी देते हुये बताया कि इस अवसर पर कॉलोनी परिसर पूरी तरह भक्तिमय वातावरण से ओत-प्रोत रहा और जय माता दी के जयघोष से गूँज उठा। ब?ी संख्या में निवासी, कर्मचारी और श्रद्धालु उपस्थित रहे। महिलाएं और बच्चे पारंपरिक पोशाक में सज-धज कर भक्ति गीतों की ताल पर सामूहिक नृत्य कर रहे थे, वहीं बच्चों और युवाओं ने देवी स्तुति के मधुर संगीत के साथ उत्सव में उल्लास और ऊर्जा का माहौल बना दिया।

## एक नजर में



### सुषमा मुनीन्द्र कथा सम्मान से सम्मानित

**सतना,** एक अक्टूबर को भोपाल में दुष्यंत कुमार संग्रहालय में शांति गया स्मृति साहित्य कला खेल संवर्धन समिति के तत्वावधान में सतना की सुप्रसिद्ध कथाकार एवं साहित्यकार सुषमा मुनीन्द्र को नैली राजेश सिंह स्मृति कथा सम्मान से सम्मानित किया गया। यह सम्मान उनकी कहानी संग्रह पाणिग्रहण के लिये दिया गया। इस अवसर पर उनको स्मृति चिन्ह, प्रशस्ति पत्र,अंगवस्त्र, और सम्मान निधि के रूप में ग्यारह हजार रुपये सम्मान स्वरूप प्रदान किये गये। इस समारोह के मुख्य अतिथि प्रसिद्ध साहित्यकार उर्मिला शिरीष और प्रसिद्ध अभिनेता रंगकर्मी राजीव वर्मा एवं संस्था के संस्थापक वरिष्ठ साहित्यकार अरुण अर्णव खरे तथा राजधानी साहित्यकारगण उपस्थित रहे। आपकी इस उपलब्धि के सतना के सभी सुधी साहित्यकारों ने हर्ष व्यक्त किया एवं बधाइयां दीं।



### शोक संतृप्त परिवारों के यहां पहुंचे सांसद

**सतना,** सांसद गणेश सिंह ने विभिन्न स्थानों पर पहुंचकर शोक संतृप्त परिवारों के प्रति अपनी संवेदनाएं व्यक्त की और स्वर्गीय आत्माओं को श्रद्धांजलि अर्पित की। उन्होंने राकेश अग्रवाल के निज निवास गणेश टावर, बिहारी चौक, पहुंचकर उनकी स्वर्गीय माता जी को श्रद्धांजलि दी। इसके आलावा सांसद गणेश सिंह ने विकास जौली (मोनू) के आकस्मिक निधन पर गहरा दुख व्यक्त करते हुए उनके निवास कृष्ण नगर, पहुंचकर श्रद्धांजलि अर्पित की। उन्होंने परिवार के सदस्यों से मुलाकात कर इस अपूरणीय क्षति पर अपनी संवेदना व्यक्त की और स्वर्गीय विकास जौली की आत्मा की शांति के लिए प्रार्थना की। वहीं अतरहरा गांव के सरपंच राजा तिवारी के निवास पर पहुंचकर उनकी स्वर्गीय भाभी को श्रद्धांजलि दी।

### मैहर के संयुक्त कलेक्टोरेट भवन का भूमिपूजन आज

**सतना,** नवगठित जिला मैहर में संयुक्त कलेक्ट्रेट भवन एवं राजस्व विभाग के आवास गृहों तथा आवासीय परिसर सिविल लाइन के निर्माण कार्य का भूमिपूजन 5 अक्टूबर रविवार को सायं 5 बजे से प्रस्तावित स्थल धतूरा कटनी रोड मैहर में आयोजित किया गया है। प्रभारी मंत्री श्रीमती राधा सिंह मुख्यातिथ्य में आयोजित कार्यक्रम की अध्यक्षता सांसद गणेश सिंह करेंगे।